Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to accord approval for Development of Roads as National Highways in Pali Parliamentary Constituency- Laid.

श्री पी. पी. चौधरी (पाली): देश के यशस्वी प्रधानमंत्रीजी के मार्गदर्शन एवं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रीजी के कुशल नेतृत्व में देशभर में राष्ट्रीय राजमार्गों एवं सड़कों का जाल बिछ रहा है।

मेरे संसदीय क्षेत्र पाली में भी आपने पूर्व में अनेक सौगातें देकर संसदीय क्षेत्र के लोगों को अनुग्रहित किया है। इसके लिए मैं और मेरे संसदीय क्षेत्रवासी आपके हमेशा आभारी रहेंगे।

मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र पाली से संबंधित उन सात सड़क मार्गो की ओर आकर्षित करते हुए बताना चाहूँगा कि इन सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में विकसित करने हेतु घोषणा हो चुकी है और सैद्धान्तिक रूप से मंजूरी भी दी जा चुकी है एवं इनकी एलाइनमेंट रिर्पोट भी बनकर तैयार है। अब सिर्फ अंतिम स्वीकृति होनी शेष है। ये सड़कें निम्नलिखित है-

1. सोयला औसियां -तिंवरी- बालेसर 126 कि.मी. रोड
2. खारिया में NH-25 से रणसी-बोरुन्दा-गोटन होते हुए NH-58 तक (105 कि.मी. रोड़)
3. देसुरी से-सादड़ी-सेवाडी - पिंडवाडा तक (लगभग 90 कि.मी. रोड़)
4. NH-62 पर रोहट से आहोर NH 325 तक (82 कि.मी. रोड़)
5. मारवाड़ जंक्शन -कामलीघाट (50 कि.मी. रोड़)
6. सोजत-सिरियारी- देसुरी (93 कि.मी. रोड़)
7. सांडेराव-बाली-सादड़ी (43 कि.मी. रोड़)

मैं आशा करता हूं कि पूर्व की भांति आप इन अतिमहत्वपूर्ण सड़क मार्गों पर भी सहृदयता पूर्वक कार्यवाही करते हुए मेरे संसदीय क्षेत्र के आमजन को ये सभी सौगात देंगे।